
# कठपुतली निर्देश


खेत वी. बी. एस. में हर दिन घोड़े और एक मुर्गी के साथ एक कठपुतली प्रदर्शन होगा। ये दो कठपुतलियां आपके कार्यक्रम में आयेंगे और भागीदारी करेंगे। कठपुतली शो कार्यक्रम के अंत में है, और इसका उपयोग उस पाठ की समीक्षा करने के लिए किया जाता है जिसे विद्यार्थियों ने अभी अभी सीखा है। हम आपको इन 2 कठपुतलियों को बनाने के लिए आवश्यक सभी निर्देश देने के लिए बहुत उत्साहित हैं: यानि घोड़ा और मुर्गा कठपुतलियां। वे आपके मनोरंजन को अधिक बढ़ाएंगे और आपके विद्यार्थियों को पाठ की समीक्षा करने में मदद करेंगे और अपने घर जाकर माता-पिता को जो कुछ भी सीखा है उसे बताने के लिए वे तैयार हो जाएंगे।


1. सामग्रियों को इकट्ठा करें जिनकी आपको जरूरत होगी।

- कैंची
- पेंसिल (कपड़े पर प्रारूप छापने के लिए)
- गोंद (जल्दी चिपकने वाला, जो कपड़े पर काम करता है: जैसे सिलिकॉन या गर्म गोंद)
- भराव या भरने की सामग्री जैसे कि रूई
- कार्डबोर्ड (वैकल्पिक)





- सुई औरधागा
- तार: 1½ मीटर




2. दिए गये पांच पी.डी.एफ. प्रारूप शीट को डाउनलोड करें और बड़े बच्चों के लिए 11x17 या ए5 कागज़ का उपयोग करते हुए उन पर प्रिंट करें, और छोटे बच्चों के लिए 8.5 x 11 या ए4 कागज़ का उपयोग करें।







- घोड़े के सिर का प्रारूप
- घोड़े के अतिरिक्त भाग का प्रारूप
- मुर्गे के सिर का प्रारूप
- मुर्गे के अतिरिक्त भाग का प्रारूप
- मुर्गे के पंख का प्रारूप

3. घोड़े और मुर्गे दोनों के लिए आवश्यक कपड़े खरीदें। हम ऊनी कपड़े की सिफारिश करते हैं, क्योंकि यह मजबूत होता है और आसानी से फटता नहीं है। हालांकि, आप अपने क्षेत्र में जो भी कपड़े उपलब्ध हैं उन्हें खरीद सकते हो और उसका इस्तेमाल कर सकते हो। लेकिन हम एक मजबूत या कड़क कपड़े की सलाह देते हैं।
नीचे कपड़े की मात्रा का एक अनुमान है, जब आप कपड़े खरीदते हैं तो प्रारूप या नमूने को आपके साथ दुकान में ले जाएँ ताकि आप यकीन कर सके कि आपके पास पर्याप्त कपड़ा है।

- भूरा: 1/2 मीटर
- लाल: 1/8 मीटर
- नारंगी: 1/2 मीटर
- सफेद: 1 मीटर

# घोडा कठपुतली निर्देश:




1. घोड़े के शरीर और मुंह के लिए कपड़े काट लें।
   • भूरे रंग के कपड़े में घोड़े के शरीर के दो टुकड़े काट लें।
      * प्रारूप के नीचे 3 सेंटीमीटर जोड़ना याद रखें।
   • लाल कपड़े से 1 मुंह काट लें।





2. मुख्य टुकड़ों को एक साथ सीलें

   • भूरे धागे का इस्तेमाल करते हुए घोड़े के दोनों शरीरों को एक साथ सीलें (मुंह को एक साथ न सीलें, या गर्दन के नीचे जहां आपका हाथ जाता है)।
   • भूरे घोड़े के मुंह में लाल रंग के मुंह को सीलें (सहायता के लिए वीडियो देखें।) किनारों को सही ढंग से मिलाने के लिए त्रिकोणीय चोटियों का उपयोग करें।




3. सिले हुए घोड़े को दायें तरफ से बाहर निकालें, ताकि सभी सिलाई अंदर की ओर चली जाएँ।

4. कान, बाल और नाक की शैलियों को चुनें। प्रारूप का उपयोग करते हुए टुकड़े काट लें या अपना खुद का बनाएँ।



5. कान, बाल और नाक को चिपकाएँ। हमने गर्म गोंद (सिलिकॉन) का उपयोग किया है, क्योंकि यह टुकड़ों को जोड़ने के लिए सिलाई से आसान था।

6. नारंगी बाल को चिपकाएँ, फिर बालों की छोटी पट्टियाँ बनाने के लिए काटें। तस्वीर में दिखाए गए अनुसार आंखों को चिपकाएँ या प्लास्टिक चम्मच का उपयोग करें। हमने आंखों के लिए सफेद डिस्पोजेबल चम्मच (बिना हैंडल के) और काले रंग का एक छोटा गोल कपडे के टुकड़े का इस्तेमाल किया है।

7. भूरे रंग के कपड़े से कान काट लें, फिर अगर चाहे तो नारंगी कपड़े से छोटे कान के टुकड़े काट लें। तल पर एक साथ कान को घुसाएँ, फिर उसे सिर पर चिपका दें।


8. कठपुतली के सामने की ओर नाक के टुकड़े काट लें और उन्हें चिपकाएँ।

9. सिर को भरने के लिए तकिया भरने की सामग्री का प्रयोग करें। इसे नाक के सामने अंदर रखो जहां आपका हाथ जाएगा। यदि आवश्यक हो तो मुंह को कड़क या मजबूत बनाने के लिए आप अंदर कुछ कार्डबोर्ड भी चिपका सकते हैं।

अब, आपके पास अब एक घोड़ा कठपुतली है!

# मुर्गा कठपुतली निर्देश





1. मुर्गे के शरीर और मुंह बनाने के लिए कपड़े काट लें।

• सफेद कपड़े में मुर्गे के शरीर के दो टुकड़े काट लें।

* प्रारूप के नीचे 10 सेंटीमीटर को जोड़ना याद रखें।*

• भूरे रंग के कपड़े से 1 मुंह काट लें।



2. सफेद धागे का इस्तेमाल करते हुए शरीर को एक साथ सीलें।


3. सफेद शरीर के मुंह के हिस्से पर दो नारंगी मुंह के टुकड़े को सीलें।



4. नारंगी चोंच के अंदर भूरे मुंह को सील दें। जब सिलाई समाप्त हो जाती है, तो कठपुतली को दाएं तरफ से घुमाकर निकालें।










5. कलगी, पंजा और आंखों की शैलियों का चयन करें। प्रारूप का उपयोग करते हुए टुकड़े काट लें या अपना खुद का बनाएँ।

6. मुकुट (कलगी), पंख और आंखों को चिपकाएँ। हमने गर्म गोंद का उपयोग किया है, यह टुकड़ों को जोड़ने के लिए सिलाई से आसान था।



7. यदि चाहे तो सिर में कुछ भराव रखें।

8. अपने कठपुतली के किनारों पर पंखों पर सिलाई करें या गोंद से चिपकाएँ।

9. तार के शीर्ष पर गोंद के लिए सफेद कपड़े के एक छोटे वर्ग का प्रयोग करें। कपड़े के बीच तार को फँसाने के लिए सिलिकॉन गोंद या गर्म गोंद का प्रयोग करें, और यह अच्छी तरह से रहेगा।

अब, आपके पास अब एक मुर्गा कठपुतली है!